तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 5 अप्रैल 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



10 माओवाद के अंत के साथ विकास को मिली नई गति





11 50 हजार की शराब के साथ परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार




## खबर संक्षेप



### बस्तर संस्कृति व परंपरा का जीवंत संगम है माचकोट चैत्र वार्षिक मेला

**जगदलपुर।** जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के माचकोट में आयोजित वार्षिक चैत्र मेला शनिवार को आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने मां जिंण्डारीनी भण्डारीणी माता मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेश सहित बस्तर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मेला स्थल पर पहुंचने पर ग्रामवासियों ने पारंपरिक धुरवा नाचा के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया। तिलक लगाकर अभिनंदन करते हुए ग्रामीणों ने अपनी संस्कृति और परंपरा का अनूठा प्रदर्शन किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेला में शामिल हुए। इस अवसर पर किरण देव ने कहा कि बस्तर में आयोजित मेला, मंडई और जात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यहां की समृद्ध कला, संस्कृति और परंपराओं के जीवंत प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता मजबूत होती है और हमारी सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर मिलता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भेंट कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और निराकरण का आश्वासन दिया। समापन अवसर शेष पेज 10 पर

# बारिश के बाद रफ्तार पकड़ेगा रेल प्रोजेक्ट, बस्तर को मिलेगी नई पटरी

## रावघाट- जगदलपुर रेललाइन के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी, निर्माण जल्द होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लंबे समय से प्रतीक्षित रावघाट-जगदलपुर रेललाइन परियोजना अब जमीन पर उतरने के करीब पहुंच गई है। निर्माण कार्य के लिए निविदाएं जारी कर दी गई हैं और प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मानसून के बाद इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम तेज़ी से शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। रेललाइन निर्माण से बस्तर अंचल की कनेक्टिविटी में बड़ा बदलाव आएगा। यह परियोजना लगभग 140 किलोमीटर लंबी है, जिससे न केवल जगदलपुर बल्कि आसपास के दूरस्थ क्षेत्रों को भी सीधा रेल संपर्क मिलेगा। इससे व्यापार, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार,परियोजना में अब तक आई देरी का मुख्य कारण वन स्वीकृति,भूमि अधिग्रहण और तकनीकी प्रक्रियाएं रहीं। हालांकि अब इन बाधाओं को काफी हद तक दूर कर लिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण एजेंसियों को कार्य आवंटित कर दिया जाएगा और बरसात खत्म होते ही मशीनें मैदान में उतर जाएंगी। इस रेललाइन के पूर्ण होने से बस्तर क्षेत्र देश के अन्य हिस्सों से बेहतर तरीके से शेष पेज 10 पर



### ऐसे बदलेगी बस्तर की तस्वीर

रावघाट-जगदलपुर रेललाइन परियोजना केवल एक परिवहन सुविधा नहीं बल्कि बस्तर के समग्र विकास की आधारशिला साबित हो सकती है,क्योंकि इससे खनिज संसाधनों के परिवहन में आसानी आएगी, स्थानीय उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंच मिलेगी,पर्यटन स्थलों तक पहुंच सरल होगी,युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे,शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच बेहतर होगी और लंबे समय से अलग-थलग पड़े क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने में यह रेललाइन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जिससे पूरे अंचल की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में व्यापक सुधार देखने को मिल सकता है।

# बीपीएस चुनाव के लिए मतगणना जारी परिणाम पर प्रत्याशियों की है पैनी नजर

**1432 मतदाताओं ने किया मतदान देर रात तक मतगणना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर परिवहन संघ के नए कार्यकारिणी गठन को लेकर हुए चुनाव इस बार बेहद रोमांचक मोड़ पर पहुंच गए हैं। 4 अप्रैल को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक हुए मतदान में कुल 2143 मतदाताओं में से 1432 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान समाप्ति के बाद शाम 5 बजे से मतगणना शुरू हुई, जो देर रात तक जारी रही।

- **दो पैनलों के बीच सीधा मुकाबला परिणाम को लेकर बढ़ी उत्सुकता**

चुनाव में इस बार दो प्रमुख पैनलों के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिला, जिससे परिणाम को लेकर सदस्यों और समर्थकों में खासा उत्साह बना रहा। मतगणना स्थल पर देर शाम तक प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की भीड़ जुटी रही, सभी की निगाहें परिणाम पर टिकी रहीं। संघ के विभिन्न पदों के लिए कुल 14 प्रत्याशी मैदान में थे। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष 2, सचिव, सहसचिव 2 और कोषाध्यक्ष पदों के लिए एक-एक सीट पर दो-दो उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई। चुनाव प्रचार भी काफी जोरदार रहा और अंतिम दिन तक प्रत्याशी सदस्यों से संपर्क साधते रहे। इस चुनाव की एक खास बात महिला मतदाताओं की कम भागीदारी रही। कुल 210 महिला मतदाताओं में से लगभग 200 ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि निर्वाचन अधिकारी द्वारा नहीं की गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता निर्वाचन अधिकारी संतोष मिश्रा ने स्पष्ट किया कि मतपत्रों की पूरी छंटनी के बाद ही वास्तविक आंकड़े सामने आएंगे। चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रही। संघ कार्यालय में सुबह से ही पुलिस बल तैनात रहा और पूरे मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। देर रात तक मतगणना जारी रहने के कारण सुरक्षा बलों को भी मुस्तैद रहना पड़ा। इस बार के चुनाव में अपना पैनल घड़ी चिन्ह और एकता पैनल टेलीफोन चिन्ह के बीच सीधी भिड़ंत रही, जिससे मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है। मौजूदा हालात को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि जो जीता वही सिकंदर साबित होगा।





### 99 चुनाव का गणित और मुकाबले की पूरी तस्वीर

बस्तर परिवहन संघ चुनाव में इस बार कुल 2143 मतदाता पंजीकृत थे,जिनमें 1833 पुरुष और लगभग 210 महिला मतदाता शामिल रहीं। मतदान में 1432 वोट पड़े, जिससे प्रतिशत अच्छा माना जा रहा है, लेकिन महिला सहभागिता बेहद कम रही। चुनाव में कुल 7 पदों के लिए 14 उम्मीदवार मैदान में थे,यानी हर पद पर सीधा मुकाबला रहा। अपना पैनल" से अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप पाठक, जबकि "एकता पैनल" से कन्हैया राजेश झा प्रमुख दावेदार रहे। इसी तरह उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव और कोषाध्यक्ष पदों पर भी दोनों पैनलों के बीच सीधी टक्कर देखने को मिली। पूरे चुनाव में प्रचार, रणनीति और समीकरणों का जबरदस्त असर देखने को मिला, जिससे परिणाम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है और यही इस चुनाव को बेहद रोमांचक बना रहा है।

### बसों के अग्निशमन यंत्र खराब होने से यात्रियों की सुरक्षा राम भरोसे



**जगदलपुर।** यात्री बसों में सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की जा रही है, जिसका सीधा असर यात्रियों की सुरक्षा पर पड़ रहा है। कई बसों में अग्निशमन यंत्र नहीं है, जिससे बसों में अग्नि सुरक्षा को लेकर कोई एकरूपता या सख्त निगरानी नहीं शेष पेज 10 पर


PRITHVI DEVELOPERS
Jagdalpur | Raipur

WALK IN INTERVIEW!!!
JOB

Prithvi Developers, Jagdalpur needs experienced candidates for multiple roles.

- All candidates should have experience & good communication skills in their respective fields.
- No constraint on salary & career growth for deserving candidates.

| | |
|---|---|
| Marketing Head | 2 |
| Marketing Executive | 10 |
| Senior Civil Engineer | 4 |
| Junior Civil Engineer | 2 |
| Civil Site Supervisor | 6 |
| Storekeeper | 2 |
| Material Manager | 1 |
| Site Office Manager | 4 |
| Legal Officer | 2 |
| Office Boy | 4 |
| Driver (Manual & Automatic) | 2 |

Interested candidates may send their updated resume at:
hr.prithviprojects@gmail.com
96171 00400
FOLLOW US ON: /prithvidevelopers



APPROVED BY TOWN & COUNTRY PLANNING
PCGRERA200423001628
www.rera.cgstate.gov.in

प्रीमियम लोकेशन में आपका अपना प्लॉट

7 Wonder City



Luxury Lifestyle
अब और भी आसान

रजिस्ट्री फ्री*
क्लब हाउस चार्ज फ्री*

प्रीमियम आवासीय प्लॉट,
लग्जरी रेसिडेंशियल टाउनशिप

*Terms & Conditions Apply

7 वंडर सिटी | 7389900999

महादेव घाट के आगे, सांकरा (अम्लेश्वर) पाटन रोड, ग्रेटर रायपुर | रायपुर से पाटन फोरलेन हाइवे पर स्थित, महादेव घाट के पास

Bank Account Name - MARUTI INFRAA CITY PVT LTD 7 WONDER CITY RERA RECEIVABLES ACCOUNT NUMBER 004772500000257 | IFSC CODE - YESB0000047 | Branch - YES Bank Limited, Civil Lines, Raipur (C.G.)

साइट विजिट के लिए स्कैन करें

# अध्यात्मिक उन्नति के लिए ओशो ध्यान शिविर जारी, मां संगीता करेंगी संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में आध्यात्मिक जागरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए ओशो ध्यान शिविर ध्यान महाकुंभ का भव्य आगाज किया गया है। मर्दापाल रोड स्थित होटल आसमती फॉरेस्ट डिपो के आगे परिसर में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में साधक एवं ओशो मित्र भाग ले रहे हैं। प्रेम, शांति और आनंद का संदेश – ओशो मित्रें ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों के जीवन में प्रेम, शांति और आंतरिक आनंद को बढ़ाना है। आधुनिक जीवन की भागदौड़ तनाव और मानसिक अशांति से मुक्ति दिलाने के लिए ध्यान एक प्रभावी माध्यम है, जिसे इस शिविर के जरिए लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। शिविर का आयोजन प्राकृतिक वातावरण में किया गया है, जहां शांत माहौल में ध्यान और साधना के विभिन्न सत्र आयोजित हो रहे हैं। इससे प्रतिभागियों को आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव मिल रहा है। इस राज्य स्तरीय ध्यान शिविर का संचालन गुजरात से आईं मां संगीता द्वारा किया जा रहा है। वे प्रतिभागियों को ओशो द्वारा बताए गए विभिन्न ध्यान विधियों जैसे डायनेमिक, कुंडलिनी और नाद ब्रह्म ध्यान का अभ्यास कराएंगी।

## शांति, प्रेम और आनंद का संदेश देता है ध्यान

### आध्यात्मिक जागरूकता की नई पहल

यह शिविर कोंडागांव में आध्यात्मिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है, जो लोगों को तनावमुक्त, संतुलित और सुखद जीवन जीने की प्रेरणा दे रहा है। ओशो ध्यान शिविर के माध्यम से कोंडागांव में शांति, प्रेम और आत्मिक विकास का संदेश फैल रहा है।



### सभी के लिए खुला आमंत्रण

आयोजकों ने जिले एवं आसपास के लोगों से इस शिविर में शामिल होकर ध्यान के माध्यम से अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यदि इस शिविर से एक भी व्यक्ति के जीवन में बदलाव आता है, तो आयोजन सफल माना जाएगा।

## खबर संक्षेप

### झिरिया धोबी समाज की बैठक 5 को

**धमतरी।** झिरिया धोबी समाज जिला कार्यकारिणी की बैठक 5 अप्रैल को ग्राम अछोटी में रखी गई है। बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। जिला अध्यक्ष मंगलूराम निर्मलकर ने पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील की है।

### रोजगार मेला अब 15 को 200 पदों पर होगी भर्ती

**धमतरी।** जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए अब 15 अप्रैल को लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि पूर्व में यह रोजगार मेला 10 अप्रैल को आयोजित होना था, जिसमें संशोधन किया गया है। अब यह रोजगार मेला 15 अप्रैल को होगा।

### थूहा में सामाजिक चिंतन कार्यक्रम 5 को

**सिर्री।** गुरु घासीदास आश्रम थूहा बंगोली में 5 अप्रैल रविवार को सुबह 11 बजे से सामाजिक चिंतन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। हमारी जमीन और हमारा समाज तथा शासन-प्रशासन और हमारा प्रतिनिधित्व विषयों पर दो सत्र में व्याख्यानमाला आयोजित है। व्याख्यान माला में हिस्सा लेने वाले नामांकित वक्तागण सुबह 11 बजे अपना पंजीयन कर लेंगे। स्वतंत्रता संग्राम 2018 आजादी के आंदोलन के सूत्रधार पंडित शंकर दादा और संयोजकगण बसंत ध्रुव, रूपेंद्र बघेल, डॉ देवचरण साहू, डॉ. रमेश भतपहरी, भुनेश्वर साहू, समारू सिन्हा, कामता साहू और कौशल साहू ने सामाजिक कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों और जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### सट्टा खिलाने वाला खाईवाल गिरफ्तार



**धमतरी।** बनियापारा में सट्टा खिलाने वाले खाईवाल को कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। पेट्रोलिंग पर निकली कोतवाली पुलिस को मुखबिर से बनियापारा में एक युवक द्वारा सट्टा नामक जुआ खिलाने की सूचना मिली। सूचना पर पेट्रोलिंग टीम ने बताये गये स्थान पर दबिश देकर घेराबंदी की। इस दौरान दिनेश ढीमर उर्फ चीकू पिता लक्ष्मीनारायण उम्र 40 वार्ड बनियापारा धमतरी निवासी लोगों से पैसे लेकर अवैध रूप से दांव लगवाते व सट्टापट्टी लिखते रंगेहाथ पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1000 रूपये नकद व तीन नग सट्टा-पट्टी जब्त की। पुलिस आरोपी को पकड़कर कोतवाली ले गई। छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6-क के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी दिनेश ढीमर उर्फ चीकू को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## निधन

### विश्वजीत दास

**फरसगांव।** जनपद पंचायत के बोरगांव क्षेत्र के जनपद सदस्य विश्वजीत दास (विक्की दास) का शनिवार को निधन हो गया। उनके निधन से अंचल में शोक की लहर है। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और रायपुर के एक अस्पताल में उनका उपचार जारी था। विक्की दास कांग्रेस पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता थे और जनसेवा के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहते थे। बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शाम को उनके गृह ग्राम बोरगांव में अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसके बाद मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।



### वन मंत्री केदार कश्यप पहुंचे सुदूर ग्राम केजंग और विकास कार्यों का किया शुभारंभ

# माओवाद के अंत के साथ विकास को मिली गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

वन मंत्री केदार कश्यप ने कोंडागांव जिले के दूरस्थ ग्राम केजंग का दौरा कर ग्रामीणों से संवाद किया और विकास कार्योंं की शुरुआत की। 1.20 करोड़ के विकास कार्योंं की सौगात क्षेत्रवासियों को लगभग 1.20 करोड़ रुपए के 11 विभिन्न विकास कार्योंं की सौगात दी गई, जिनमें सड़क, भवन और अन्य बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं। माओवाद मुक्त होकर विकास की ओर बढ़ता बस्तर – वन मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब माओवाद के प्रभाव से मुक्त हो चुका है, जिससे बस्तर संभाग में विकास कार्योंं को नई दिशा और गति मिलेगी। ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर सुविधा इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से आवागमन, शिक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है।



### जनप्रतिनिधियों की रही भागीदारी

कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, कोण्डागांव एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार मनोज रावटे, जनपद सीईओ उत्तम महोबिया एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### नक्सल मुक्त होते ही विकास ने पकड़ी गति



जिले के पूर्व माओवाद प्रभावित अंदरूनी इलाकों में अब विकास कार्योंं को गति मिल रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रें में नई उम्मीद जगी है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी द्वारा विभिन्न ग्रामों में नल खनन कार्य हेतु भूमिपूजन कर पेयजल सुविधा विस्तार की शुरुआत की गई। कई ग्राम पंचायतों को मिलेगा लाभ – ग्राम ठोटी मड़ानार, मुंगवाल, पेरामपाल एवं चमई पंचायतों में इस पहल से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा मिलने पर ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त की और अपनी समस्याएं भी जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखीं। जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने का आश्वासन दिया।

# कमिश्नर ने गारमेंट फैक्ट्री ग्रंथालय का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कमिश्नर डोमन सिंह ने डोंगरीगुड़ा स्थित कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री का निरीक्षण कर वहां संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। महिलाओं को मिल रहे रोजगार की सराहना – फैक्ट्री में कार्यरत महिलाओं को मिल रहे रोजगार अवसरों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने इस पहल को सराहनीय बताया। केन्द्रीय ग्रंथालय में अध्ययन सुविधाओं का निरीक्षण कमिश्नर ने सेन्ट्रल लाइब्रेरी का भ्रमण कर उपलब्ध पुस्तकों एवं युवाओं के लिए अध्ययन सुविधाओं की जानकारी ली।

ग्रंथालय में अध्ययनरत युवाओं से बातचीत कर उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में जानकारी ली और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव, डिप्टी कलेक्टर किशोर शर्मा, तहसीलदार मनोज रावटे, पुनेश्वर वर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बड़ेडोगर थाने का शोरी ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बड़ेडोगर में नई थाना प्रभारी के रूप में श्री शोरी ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उनके पदभार संभालते ही क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने की उम्मीद जताई जा रही है। शुक्रवार को बड़ेडोगर भाजपा मंडल के अध्यक्ष महेंद्र कुमार सलाम के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने थाना पहुंचकर नवपदस्थ थाना प्रभारी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान सरपंच हिरासिंह नेताम, चंदुलाल कंरगा, विद्यासागर नायक, जयदेव नाग, कार्तिक सलाम एवं उपसरपंच सुकमन मरकाम सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। भेंट के दौरान क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, जनसहयोग और कानून-व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। थाना प्रभारी राजकुमारी शोरी ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने का भरोसा दिलाया।

# राजस्व पखवाड़ा शिविर से किसानों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में ग्राम स्तर पर राजस्व पखवाड़ा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सके। शिविर के दौरान 15 किसानों को डिजिटल किसान किताब तथा 25 बी–1 एवं खसरा की प्रतियां वितरित की गईं।

### अधिकारियों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में तहसीलदार गणेश सिदार सहित राजस्व विभाग के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।



### विभिन्न राजस्व प्रकरणों के आवेदन प्राप्त

शिविर में वनाधिकार फौती नामांतरण, राजस्व फौती नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन एवं नक्शा बंटांकन से संबंधित आवेदनों को मौके पर ही पंचनामा बनाकर प्राप्त किया गया।

# नई टंकियों से 15 वार्डों को मिलेगा भरपूर साफ पानी

■ पेयजल संकट से निपटने निगम का मास्टर प्लान तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



नगर निगम ने शहर की पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं। करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित नई ओवरहेड टंकियों की टेस्टिंग सफलतापूर्वक की जा चुकी है, जिससे आने वाले दिनों में शहर के लगभग 15 वार्डों में नियमित और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति होगी। निगम द्वारा गोकुलपुर, सुभाषनगर और अधारी नवागांव क्षेत्र में करीब 12.50 करोड़ रुपए की लागत से तीन आधुनिक पानी टंकियों का निर्माण कराया गया है। इन टंकियों को चरणबद्ध तरीके से पाइपलाइन से जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, ताकि शहरवासियों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। भागीरथी नलजल योजना के तहत लगभग 18 हजार घरों में निःशुल्क नल कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। गंगरेल जलाशय से लाए गए पानी को वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में शुद्ध कर इन टंकियों के माध्यम से सप्लाई किया जाएगा, जिससे नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल मिलेगा। नगर निगम द्वारा जल आपूर्ति व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए पाइपलाइन का विस्तार और सुधार का कार्य भी निरंतर जारी है। शहर में 34 किलोमीटर लंबी राइजिंग मेन पाइपलाइन और 165 किलोमीटर से अधिक वितरण पाइपलाइन का जाल बिछाया जा चुका है, जिससे जल आपूर्ति का दायरा व्यापक हुआ है। निगम प्रशासन के अनुसार, नई टंकियों को पुराने और नए नेटवर्क से जोड़ने का कार्य अंतिम चरण में है। महापौर रामू रोहरा ने विश्वास जताया है कि अगले कुछ दिनों में सभी टंकियां पूर्ण रूप से चालू कर दी जाएंगी, जिससे पेयजल समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि जहां आवश्यकता होगी, वहां टैंकरों के माध्यम से अस्थायी जल आपूर्ति जारी रखी जाएगी, ताकि किसी भी वार्ड में पानी की कमी न हो। निगम की इस सक्रिय पहल से यह स्पष्ट है कि शहरवासियों को गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से राहत दिलाने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

# निर्माणी श्रमिकों को नवीन आवास खरीदने मिलेंगे 1.50 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

पंजीकृत निर्माणी श्रमिकों के लिए खुशखबरी है। आवासहीन श्रमिकों को आवास खरीदने के लिए सरकार 1.50 लाख रुपए देगी। यह योजना 1 अप्रैल 2026 से लागू हो गई है। जिले में लगभग सवा लाख लोग छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत श्रमिक हैं।

प्रदेश में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के तहत पंजीकृत श्रमिकों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और आर्थिक सहायता से जुड़ी 30 से अधिक योजनाएं संचालित हैं। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत 18 से 21 वर्ष की अविवाहित बेटियों के लिए 20 हजार रुपए, मिनीमाता महतारी जतन योजना में महिला श्रमिक या पत्नी के लिए 20 हजार रुपए, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना में बच्चों के शिक्षा के लिए 1 हजार से 10 हजार रुपए, मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में सामान्य मृत्यु पर 1 लाख तथा दुर्घटना पर 5 लाख रुपये, निःशुल्क कोचिंग सहायता, विवाह सहायता योजना, औजार सहायता सहित अनेक योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना में आंशिक संशोधन किया गया है।

## मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत, टेस्ट के लिए भटकना नहीं पड़ेगा

# जिला अस्पताल की हमर लैब का संचालन निजी संस्था करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

जिला अस्पताल में स्थित हमर लैब का संचालन बहुत जल्द निजी संस्था द्वारा की जाएगी। इसी के साथ बंद पड़ी मशीन के एक्टिव हो जाने से मरीजों को कई प्रकार के हार्मोनल व अन्य टेस्ट के लिए निजी लैब में भटकना नहीं पड़ेगा।

प्रदेश भर के जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में स्थित हमर लैब की दशा सुधारने राज्य शासन बड़ा कदम उठा रहा है। हमर लैब के संचालन के लिए केरल की निजी संस्था एचएलएल लाइफ केयर लिमिटेड के साथ समझौता किया जा चुका है। इसी के साथ प्रदेशभर की हमर लैब के संचालन की जिम्मेदारी एचएलएल कंपनी को सौंपने की तैयारी चल रही है। निजी संस्था द्वारा हमर लैब के संचालन से महंगी जांच से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। इस समझौते में धमतरी जिला भी शामिल है। जिला अस्पताल की हमर लैब के साथ जिले के सीएचसी और पीएचसी की लैब में नई सुविधाएं बढ़ेंगी। राज्य सरकार द्वारा इसे अटल आरोग्य लैब का नाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि इससे जिला अस्पताल में 134, सीएचसी में 97 और पीएचसी में 64 प्रकार के टेस्ट की सुविधा मिलेगी। राज्य सरकार से समझौते के बाद एचएलएल कंपनी के कर्मचारी बीते दिनों दो बार जिला अस्पताल के हमर लैब का निरीक्षण कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने लैब की मशीनों की स्थिति देखी।





### बंद पड़ी हैं मशीनें

जिला अस्पताल की हमर लैब में सीबीसी, हार्मोनल एनलाइजर, फूल्ली बायो केमेस्ट्री एनलाइजर और ईएसआर की मशीनें बंद पड़ी हैं जिसके कारण टी-3, टी-4, टीएसएच, थायरायड टेस्ट, बी-12, कैल्शियम, पोटेशियम, सोडियम एफटी-3, एफटी-4, क्लोरेक्टीन सीए 125/कैंसर जांच, विटामिन डी-3, आरएफटी, एलएफटी, एचबीए-1 जैसी महत्वपूर्ण जांच बंद है।

### रिजनल सेंटर बनाने का प्रस्ताव

पैथालाजी प्रभारी डा. आदित्य सिन्हा ने मीडिया को बताया कि एचएलएल कंपनी द्वारा राज्य स्तर पर समझौता हुआ है। कंपनी बंद पड़ी मशीनों को शुरू करेगी। वहीं खराब मशीनों को रिप्लेस किया जाएगा। सभी प्रकार की जांच की सुविधा मरीजों को न्यूनतम दर पर उपलब्ध होगी। नए सीएचसी में सामान पहुंचना भी शुरु हो गया है। धमतरी को रिजनल सेंटर बनाने का प्रस्ताव है।

## पेज 9 के शेष

### बारिश के बाद ....

जुड़ सकेगा, जिससे औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय लोगों के लिए आवागमन के नए अवसर खुलेंगे।

### बसों के अग्निशमन यंत....

है। आपात स्थिति में आग बुझाने के लिए सबसे जरूरी माने जाने वाले अग्निशमन यंत्रों का बसों में न होना, यात्रियों की जान को सीधे खतरे में डालता है। यात्रियों ने इस लापरवाही पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब तक अग्निशमन यंत्रों को हर बस में अनिवार्य रूप से नहीं रखा जाता, तब तक बसों में यात्रियों की सुरक्षा केवल राम भरोसे ही है। इस पर सभी सड़कों में परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम की ओर से चल रही यात्री बसों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान टीम को यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र खराब मिलने पर टीम जुर्माना कर रही है। परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र खराब होने से आग दुर्घटना की संभावना बढ़ने से अन्य वाहनों की जांच की जा रही है। वाहनें से नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों एवं मालिकों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

### बस्तर संस्कृति व ...

पर उन्होंने सभी उपस्थित जनमानस को मेला की शुभकामनाएं देते हुए इसे बस्तर की पहचान बताया। अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं में जनपद सदस्य हेमेश्वरी नाग, मंडल प्रभारी रजनीश पानीग्राही, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, सीमांचल दास, पिंटू ठाकुर,राजाराम, रूपेश समरथ,तपन सरकार, राधे पन्द्रै सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सरपंच, पुजारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# नक्सल हिंसा के चार दशक का अंत, 31 मार्च 2026 को सुकमा नक्सल मुक्त घोषित

रोशन चौहान ▶▶| दोरनापाल

करीब चार दशक तक नक्सल हिंसा की मार झेलते रहे सुकमा जिले के लिए 31 मार्च एक ऐतिहासिक तारीख बन गई। जिला पुलिस और प्रशासन ने आधिकारिक रूप से सुकमा को नक्सल मुक्त घोषित कर दिया है। यह घोषणा न सिर्फ सुरक्षा बलों की रणनीतिक सफलता है, बल्कि उन सैकड़ों निर्दोष आदिवासियों के बलिदान का परिणाम भी है जिन्होंने इस संघर्ष की भारी कीमत चुकाई।

जिले में नक्सल हिंसा का पहला दर्ज मामला वर्ष 1989 में सामने आया था जब रामाराम गांव में डकैती कर हथियार लूटे गए थे। इसके बाद शुरू हुआ हिंसा का सिलसिला वर्षों तक जारी रहा। वर्ष 1980 के दशक से लेकर अब तक माओवादी घटनाओं में 398 निर्दोष नागरिकों की जान गई, जबकि लगभग 144 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। नक्सलियों द्वारा ग्रामीणों को मुखबिरी के शक में प्रताड़ित करना, पत्रकारों, शिक्षादूतों और आम नागरिकों को निशाना बनाना आम बात रही। कई मामलों में नाबालिग बच्चों तक को नहीं बख्शा गया। बारूदी सुरंग और आईईडी विस्फोटों से आम नागरिकों को भारी नुकसान पहुंचाया गया, वहीं सड़क निर्माण, स्कूल भवन और अन्य विकास कार्यों को भी लगातार बाधित किया गया।

## 398 निर्दोषों की मौत, सैकड़ों घायल, अब शांति, सुरक्षा और विकास की नई शुरुआत



### बलिदान को समर्पित नई शुरुआत

विगत वर्षों में सुरक्षा बलों की लगातार मौजूदगी, सघन नक्सल विरोधी अभियान, प्रशासनिक समन्वय और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से हालात तेजी से बदले। जिन इलाकों में पहले बारूदी सुरंगों का डर रहता था, वहां अब आम नागरिक बेखौफ आवाजाही कर रहे हैं। सड़क, पुल, मोबाइल नेटवर्क, स्कूल और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ है। गांवों में शासन की योजनाएं पहुंचने लगी हैं और लोगों का भरोसा बढ़ा है। जिला पुलिस ने इस उपलब्धि को उन सभी निर्दोष ग्रामीणों और शहीदों को समर्पित किया है जिनके बलिदान से यह दिन संभव हो सका। अब सुकमा एक नए दौर में प्रवेश कर चुका है, जहां बंदूक की जगह विकास और डर की जगह विश्वास ने ले ली है।

### 2006 बना सबसे खूनी साल

सुकमा के इतिहास में वर्ष 2006 को सबसे भयावह माना जाता है। एर्राबोर राहत शिविर पर हमला, दरभागुड़ा में ट्रक ब्लास्ट और मनीकोन्टा कांड जैसे घटनाओं में दर्जनों ग्रामीणों की जान गई। 17 मई 2010 को चिंगावरम में यात्री बस को आईईडी से उड़ाने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। हालांकि सुरक्षा बलों के दबाव के चलते नक्सली गतिविधियां कमजोर हुईं, लेकिन 2024 और 2025 में भी ग्रामीणों, किशोरों और शिक्षादूतों की हत्या की घटनाएं सामने आईं। इससे स्पष्ट था कि खतरा पूरी तरह खत्म नहीं हुआ था।

## खबर संक्षेप

### शादाब अहमद को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**जगदलपुर।** पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के पूर्व सांसद सोशल मीडिया प्रभारी की अहम भूमिका निभा चुके शादाब अहमद को जिला कांग्रेस कमेटी शहर का सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।बड़ी जिम्मेदारी देने के लिए शादाब अहमद ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा,लगन और समर्पण के साथ निभाएंगे एवं कांग्रेस की रीति-नीतियों और विचारधारा को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। शादाब अहमद ने मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज,बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया है।

### नाला निर्माण से पहले सड़क निर्माण अनुचित



**जगदलपुर।** नगर निगम क्षेत्र में इन दिनों विभिन्न सड़कों का तेजी से निर्माण कार्य किया जा रहा है, लेकिन इन कार्यों की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठने लगे हैं। जारी प्रेस विज्ञप्ति में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया है कि बिना समुचित योजना के तत्काल खुदाई कर सड़क निर्माण किया जा रहा है, जो तकनीकी दृष्टि से उचित नहीं है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन के पास स्पष्ट विजन और दूरदर्शिता होती तो निर्माण कार्य निर्धारित क्रम में किया जाता। उन्होंने बताया कि नियमानुसार पहले नालियों का निर्माण, इसके बाद जल आपूर्ति की पाइपलाइन शिफ्टिंग और बिजली पोलों का स्थानांतरण किया जाना चाहिए, ताकि बाद में किसी प्रकार की खुदाई की आवश्यकता न पड़े। इसके विपरीत वर्तमान में सीधे सड़क निर्माण किए जाने से भविष्य में समस्याएं उत्पन्न होने की आशंका है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जल आपूर्ति पाइपलाइन शिफ्टिंग अत्यंत आवश्यक कार्य है, अन्यथा आने वाले समय में सड़कों को दोबारा खोदना पड़ेगा, जिससे न केवल सड़क क्षतिग्रस्त होगी बल्कि जनता के पैसों का दुरुपयोग भी होगा।

### मनरेगा हितग्राहियों को सशक्त बना रहा आरसेटी

**जगदलपुर।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और मनरेगा हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जगदलपुर के आड़ावाल स्थित भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सहायक कलेक्टर विपिन दुबे ने संस्थान का निरीक्षण कर चल रही गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान संस्थान के निदेशक किरण कुमार लुगुन भी उपस्थित रहे। वर्तमान में संस्थान के माध्यम से प्रोजेक्ट उन्नति के तहत मनरेगा हितग्राहियों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अंतर्गत 27 मार्च से कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित है, जो 8 अप्रैल तक चलेगा। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मनरेगा से जुड़े परिवारों को आधुनिक कृषि तकनीकों और उद्यमिता के कौशल में पारंगत करना है, ताकि वे केवल मजदूरी तक सीमित न रहकर स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकें।

## कोन्टा शराब दुकान व आबकारी विभाग की भूमिका संदिग्ध

# अवैध रूप से 50 हजार की शराब ले जाते हुए पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



नक्सलवाद के खात्मे के बाद अब पुलिस ने अवैध कारोबारियों पर पैनी नजर रखनी शुरू कर दी है। कोन्टा पुलिस की शनिवार को की गई कार्रवाई से जहां शराब तस्करों में हड़कंप व्याप्त है तो दूसरी ओर कोन्टा की शराब दुकान और आबकारी विभाग की भूमिका पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

जिला सुकमा में पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण, रोहित शाह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल आप्स सुकमा एवं अभिषेक वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुकमा व मनोज तिर्की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोन्टा के मार्ग निर्देशन एवं डॉ प्रशांत देवांगन , पुलिस अनुविभागीय अधिकारी, कोन्टा के पर्यवेक्षण में असमाजिक तत्वों के विरूद्ध लगातार धरपकड़ कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में 4 अप्रैल को थाना प्रभारी कोन्टा को मुखबीर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति दारू भट्टी कोंटा से एन एच 30 मार्ग से होते हुये एर्राबोर की ओर अंग्रेजी शराब लेकर जाने की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोन्टा के नेतृत्व में कोन्टा पुलिस स्टाफ द्वारा नेशनल हाई वे-30 सहित जगह-जगह नाकाबंदी लगाया जाकर संदिग्ध वाहनों व सामानों की सघन चेकिंग प्रारंभ की गई। एनएच 30 मार्ग के पास ब्लाक कालोनी कोन्टा की ओर जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग में पुलिस की नाकाबंदी कर चेकिंग किया जा रहा था कुछ देर बाद एक संफेद रंग का मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 26 के 0902 आने पर रोककर पूछताछ करने पर अपना नाम आस विजय पिता स्व.आस नरैया 27 वर्ष साकिन एर्राबोर थाना एर्राबोर जिला सुकमा पुलिस द्वारा आरोपी आस विजय के कब्जे में रखे मैजिक वाहन के अन्दर से सभी चार कार्टूनों को नीचे जमीन पर रखवाकर देखे कि पहला कार्टून में अंग्रेजी शराब एमसी डॉवेल्स नंबर एक, 375 एमएल कुल 9000 एमएल, 24 सीसी, प्रत्येक किमती 380 रूपये कुल 9,120 रूपये, दूसरा कार्टून में अंग्रेजी शराब एमसी डॉवेल्स नंबर एक 180 एमएल कुल 8640 एमएल 48 सीसी, प्रत्येक किमती 190 रूपये कुल 9,120 रूपये, तीसरा कार्टून में अंग्रेजी शराब केन बीयर हंटर 500 एमएल कुल 12000 एमएल 24 केन, प्रत्येक किमती 160 रूपये कुल 3,840 रूपये, चौथा कार्टून में अंग्रेजी शराब केन बीयर हंटर 500 एमएल कुल 12000 एमएल 24 केन, प्रत्येक किमती 160 रूपये कुल 3,840 रूपये, अंग्रेजी शराब एमसी डॉवेल्स नंबर एक कुल 17.640 बल्कलीटर एवं अंग्रेजी शराब केन बीयर हंटर कुल 24.000 बल्कलीटर कुल जुमला 41.6400 बल्कलीटर, कुल किमत 25,920 रूपये एवं एक पुरानी इस्तेमाली मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 26 के 0902 किमती लगभग 2,50,000 रूपये, कुल जुमला करीबन 2,75,920 रूपये को जप्त किया गया। आरोपी आस विजय के विरूद्ध थाना कोन्टा में अपराध क्रमांक 13/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लेने उपरांत वैधानिक कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना कोन्टा के उपनिरीक्षक पोपेन्द्र कुर्रे, प्र.आर. जितेन्द्र वर्मा, राकेश चांपा, मडक़म तमैया , आरक्षक डोमेश देवांगन, सेमल श्रीनू ,परमेश्वर ठाकुर, सेमल राजेश, नुप्पो लच्छा का विशेष योगदान रहा।

### शराब दुकान से लेकर आया था आरोपी : एएसपी



इस मामले में कोन्टा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अवैध शराब मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि आरोपी से प्रारम्भिक पूछताछ में कोन्टा शराब दुकान से अवैध शराब खरीदने की बात सामने आई है। हालांकि इस पूरे मामले में पुलिस सूक्ष्मता से मामले की जांच कर अन्य दोषियों पर भी कार्रवाई करेगी।

### आखिर इतनी मात्रा में आई कहां से अवैध शराब

पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई निश्चित ही काबिले तारीफ है लेकिन इतनी मात्रा में अवैध शराब का बरामद होना कई सवालों को खड़े करता है। सूत्रों की माने तो इस पूरे मामले में आबकारी विभाग के अधिकारी,कर्मचारी सहित कोन्टा की शराब दुकान की भूमिका भी संदिग्ध हैं। एक साथ इतनी मात्रा में शराब का परिवहन बिना सांठगांठ के सम्भव नहीं है।

# ऑनलाइन होगा तेंदूपत्ता संग्रहण का भुगतान : डीएफओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

- तेंदूपत्ता संग्रहण एवं प्रबंधन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

तेंदूपत्ता संग्रहण को लेकर वन विभाग ने कमर कस ली है। पूर्व की भांति इस बार भी संग्राहको को उनकी मेहनत की राशि पूरी तरह से सुरक्षित उनके खाते में जाने को लेकर वनमंडलाधिकारी भोसले ने स्पष्ट तौर पर कहा कि सम्पूर्ण भुगतान संग्राहक के खाते में ऑनलाइन ही जमा होगा।

वनमंडलाधिकारी सुकमा सह प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज संघ द्वारा तेंदूपत्ता सीजन की तैयारियों को लेकर एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में समस्त उपवनमंडलकधिकारी, वनपरिक्षेत्र अधिकारी एवं प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधक तथा पोषक अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे तेंदूपत्ता सीजन को सफल, पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने हेतु पूर्ण जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। बैठक के दौरान तेंदूपत्ता संग्रहण से जुड़ी सभी प्रमुख गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई। विशेष रूप से फड़ मुंशी की नियुक्ति, बुटकाटाई कार्यों की प्रगति, बुटकाटाई मजदूरी भुगतान, तेंदूपत्ता संग्रहण एवं भुगतान व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह जानकारी दी गई कि जिले की सभी 25 समितियों में बुटकाटाई कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस वर्ष जिले में 25 समितियों के अंतर्गत कुल 727 फड़ों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य किया जाएगा। साथ ही, इस वर्ष गोगुण्डा में एक नए फड़ का भी शुभारंभ किया गया है, जिससे स्थानीय संग्राहकों को सुविधा एवं रोजगार के अतिरिक्त अवसर प्राप्त होंगे।

### इस वर्ष भी संग्राहकों की बल्ले बल्ले

बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि इस वर्ष भी तेंदूपत्ता का दर 5500 रुपये प्रति मानक बोरा निर्धारित किया गया है, जिससे संग्राहकों को बेहतर पारिश्रमिक सुनिश्चित हो सके। ज्ञात हो कि प्रदेश की विष्णु देव सरकार ने संग्राहको को प्रति मानक बोरा उचित मूल्य देने का वादा किया था।

# विदेशों में महक रही बस्तर की इमली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर की इमली अपने अनूठे स्वाद के कारण थाईलैंड, अफगानिस्तान, श्रीलंका और खाड़ी देशों सहित 10 से अधिक देशों में धूम मचा रही है। जगदलपुर में स्थित मंडी में हर साल टनों इमली का कारोबार होता है, जो एशिया की सबसे बड़ी इमली मंडी मानी जाती है। बस्तर के आदिवासियों और ग्रामीणों की गर्मी में आय का मुख्य स्रोत है, जहां वे इमली का संग्रहण करते हैं। यहां की इमली अपने रंग और स्वाद के लिए प्रसिद्ध है, जिसके कारण इसकी मांग देश के अन्य राज्यों (जैसे महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु) में भी बहुत अधिक है। आदिवासी बाहुल्य बस्तर में वनोपज ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार माना जाता है। यहीं वजह है कि बस्तर में 60 फीसदी से अधिक आदिवासी बस्तर की वनोपज पर पूरी तरह से आश्रित है। पिछले वर्ष एक लाख 83 हजार क्विंटल इमली आवक हुई पर इस वर्ष जगदलपुर कृषि उपज मंडी में 2 लाख 48 हजार 615 क्विंटल इमली पहुंची। इस तरह से मंडी व्यापारियों ने लगभग डेढ़ लाख क्विंटल इमली को आंध्रप्रदेश, तेलंगाना सहित विदेश में बेचा है। बताया जा रहा है कि जगदलपुर में एशिया की सबसे बड़ी इमली मंडी है और बस्तर की खट्टी-मीठी इमली का अरबों रुपए का वार्षिक कारोबार होता था, मंडी को शुल्क नहीं मिलने से इस बार अब तक लगभग दो करोड़ रूपए के राजस्व का नुकसान हुआ है।

- बस्तर के आदिवासी गर्मी में इमली से पूरी तरह से आश्रित

### राजस्व का हो रहा नुकसान

कृषि उपज मंडी जगदलपुर के निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार ने बताया कि इमली के मंडी शुल्क नहीं होने से मंडी को राजस्व का नुकसान हो रहा है।

# गुड फ्राइडे पर मसीही समाज ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर के सेंट जोसेफ कैथेड्रल के मसीही विश्वासों द्वारा जगदलपुर डायोसीज के बिशप रेव्ह जोसेफ कोल्लमपराम्बिल के नेत्रत्व में गुड फ्राइडे के अवसर पर ईसा मसीह के दुख भोग एवं क्रूस मारन के याद में पवित्र मिसा बलिदान के पश्चात क्रूस का रास्ता की रैली निकाली गई। ईसा मसीह को यहूदी शशकों ने कोड़ों से मारते हुए भारी क्रूस ईसा मसीह के कंधों में ढोकर कलवारी पहाड़ पर लेजाकर लकड़ी के बड़े क्रूस पर हाथों और जोड़ों में कीले धोंकर क्रुसिट किया। हजारों विश्वासी इस अवसर पर हाथों में क्रूस उठाकर अपने दृढ विश्वास को प्रकट किये। आज के दिन ईसा मसीह ने सारे जगत को पापों से छुटकारा दिलाने के लिए क्रूस पर अपने प्राणों का बलिदान दिया। इस दुखभोग की याद में गुड फ्राइडे मनाया जाता है।

# सोशल मीडिया पर मजबूत पकड़ के लिए भाजपा बस्तर ने बनाई नई कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी जिला-बस्तर द्वारा सोशल मीडिया कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक मितुल कोठारी की सहमति, बस्तर संभाग प्रभारी यशवंत जैन, जिला संगठन प्रभारी सतीश लाटिया एवं जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे के मार्गदर्शन तथा जिला सोशल मीडिया संयोजक दिनेश के.जी. के समन्वय में की गई है। नई टीम से संगठन को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। जारी सूची के अनुसार ब्रिजेश शर्मा को जिला सह संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं अन्य सदस्यों में नरेंद्र पाण्डेय (नानगुर), भूपेन्द्र दीवान, रोहन घोष, मोरध्वज सेठिया, नरेन्द्र पाण्डे (मुरकुची), पप्पू चालकी, बृजेश कपूर, पितेश्वर बघेल, विनायक बेहरा, अजय बैरागी और विनय मौर्य को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने शुभकामनाएं देते हुए बेहतर कार्य की अपेक्षा जताई है। जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे ने कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया संगठन का सशक्त माध्यम बन चुका है। नई टीम पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उन्होंने सभी पदाधिकारियों से समर्पण और सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया है। जिला सोशल मीडिया संयोजक दिनेश के.जी. ने कहा कि टीम को बूथ स्तर तक डिजिटल रूप से सक्रिय किया जाएगा। सभी पदाधिकारी समन्वय के साथ कार्य करते हुए संगठन की बात को तेज़ी और प्रभाव के साथ जनता तक पहुंचाएंगे।

### पेंशनर्स महासंघ ने मंत्री केदार से की मुलाकात

**जगदलपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को स्थानीय सर्किट हाउस में प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप से मुलाकात की। इस दौरान संघ द्वारा आगामी 7 अप्रैल को आयोजित संभागीय सम्मेलन एवं पेंशनर कार्यालय भवन के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह किया गया। संभागीय अध्यक्ष आरएन टाटी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया और पावर हाउस चौक स्थित कार्यालय भवन के लोकार्पण समारोह में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया।

# भाजपा नेतृत्व का आत्मीय संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



- वरिष्ठ नेताओं ने राठी परिवार से की मुलाकात, संगठन की एकजुटता का दिया संदेश

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों से सतत संपर्क बनाए रखने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं बस्तर संभाग प्रभारी यशवंत जैन तथा सुकमा संगठन प्रभारी टिकेश्वर जैन ने सुकमा में पूर्व जिला कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी एवं पार्षद कांता के निवास पहुंचकर उनके माता-पिता एवं परिवारजनों से मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना।

इस दौरान नेताओं ने परिवारजनों से विस्तार से चर्चा करते हुए उनके स्वास्थ्य और दैनिक जीवन की जानकारी ली तथा हर परिस्थिति में संगठन के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। इस आत्मीय भेंट ने भाजपा के पारिवारिक और संवेदनशील संगठनात्मक स्वरूप को एक बार फिर उजागर किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुण सिंह भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष धनी राम बारसे, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा सोयम मुक्का, दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, दंतेवाड़ा मंडल कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कश्यप एवं राजकुमार श्रीवाने की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान सभी नेताओं ने एक स्वर में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं के सम्मान और आपसी समन्वय को भाजपा की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह है, जहां हर कार्यकर्ता और उसका परिवार महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

इस मुलाकात ने न केवल संगठनात्मक एकजुटता को मजबूती दी, बल्कि कार्यकर्ताओं और नेतृत्व के बीच विश्वास और आत्मीयता के संबंधों को भी और अधिक सुदृढ़ किया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### परीक्षा के लिए रहेगी सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के अंतर्गत हिन्दी की परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। उल्लेखनीय है कि 10 अप्रैल को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा बारहवीं कक्षा के लिए हिन्दी की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसी कड़ी में कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जिला कार्यालय के प्रेरणा हॉल में आयोजित एक विशेष कार्यशाला में डिप्टी कलेक्टर मनीष वर्मा और जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने परीक्षा से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत निर्देश जारी किए। इस प्रशिक्षण सत्र में न केवल परीक्षा के सामान्य संचालन, बल्कि परिवहन और थाने में सुरक्षा के कड़े मानकों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए नियुक्त परिवहन अधिकारियों को उनके विशेष दायित्वों के प्रति सजग किया गया। निर्देशानुसार सभी परिवहन अधिकारियों को अपने निर्धारित रूट के थानों से भली-भांति अवगत रहना होगा और समन्वय केंद्र से रूट चार्ट के अनुसार केंद्राध्यक्षों व सील्ड पेटियों के साथ थानों तक पहुंचकर सामग्री जमा कराने की जिम्मेदारी निभानी होगी।

धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज की बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा

# जनसमस्याओं के समाधान में जुटे विधायक : कुमार जयदेव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को सुकमा जमींदार कुमार जयदेव के निवास पर आयोजित हुई, जिसमें समाज के प्रमुख पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सदस्य

■ **सामाजिक समन्वय और जनसुनवाई को लेकर दिखी सक्रियता**

शामिल हुए। बैठक में क्षेत्रीय विकास, सामाजिक समन्वय और जनसमस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि बस्तर क्षेत्र में आमजन अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को लेकर लगातार जनप्रतिनिधियों तक पहुंच रहे हैं, जिनके निराकरण के लिए प्रयास तेज किए गए हैं। बैठक में शिक्षा, सड़क, पुल-पुलिया जैसे बुनियादी विकास कार्यों पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संवाद और सहयोग से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिल रही है।

बैठक में समाज के वरिष्ठजनों ने एकजुटता बनाए रखने और जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सहभागिता और विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया।



अंत में सुकमा जमींदार कुमार जयदेव ने कहा कि क्षेत्र में लगातार लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं और उनके समाधान के लिए जनप्रतिनिधि गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विधायक किरण सिंह देव द्वारा स्कूल, सड़क, पुल-पुलिया सहित विभिन्न विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे लोगों में विश्वास बढ़ा है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव, सिकन्दर ठाकुर, योगेश ठाकुर , नरेंद्र ठाकुर, कैलाश ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, रणधीर ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सामाजिक समन्वय बना विकास का आधार

धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज की इस बैठक में यह स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया कि सामाजिक एकजुटता और जनप्रतिनिधियों के साथ सीधा संवाद ही विकास की गति को तेज करता है, जहां एक ओर लोग अपनी समस्याएं सीधे रख पा रहे हैं, वहीं जनप्रतिनिधि भी प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण सुनिश्चित करने में जुटे हैं,ऐसे आयोजनों से न केवल समाज के भीतर समन्वय मजबूत होता है बल्कि क्षेत्रीय विकास कार्यों को भी नई दिशा मिलती है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आसना का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आसना का मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री एवं जिला कार्यालय से पीके धमधर द्वारा

■ **सीएमएचओ सहित अधिकारियों ने उत्कृष्ट सेवाएं की सराहना**

स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्र में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का गहन अवलोकन किया तथा व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। विशेष रूप से 2 एवं 3 अप्रैल को स्वास्थ्य केंद्र में 3 सुरक्षित प्रसव सफलतापूर्वक कराए गए, जिसकी जानकारी प्रभारी चिकित्सक धर्मेंद्र देवांगन द्वारा दी गई। इस उपलब्धि पर अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्टाफ की सराहना की। गर्मी के मौसम एवं लू से बचाव हेतु स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों एवं परिजनों के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ओआरएस कॉर्नर की व्यवस्था की गई है। साथ ही प्रतीक्षालय में मरीजों की सुविधा के लिए कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिस पर अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। अधिकारियों ने समग्र कार्यप्रणाली पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि केंद्र में स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू एवं प्रभावी रूप से संचालित हो रही हैं। साथ ही उन्होंने कुछ आवश्यक सुधार हेतु सुझाव भी दिए, जिससे सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आसना के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने राजस्व पखवाड़ा शिविरों का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज राजस्व सेवाओं को सुदृढ़ करने और ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से तहसील जगदलपुर के अंतर्गत ग्राम बाबूसेमरा

■ **मौके पर ही ग्रामीणों को सौंपे भू-अभिलेख और प्रमाण पत्र**

एवं खुटपदर में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविरों का औचक निरीक्षण शनिवार को किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही वहां उपस्थित ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया और उन्हें राजस्व विभाग द्वारा दी जा रही विभिन्न सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी। ग्रामीणों से उनकी भूमि और राजस्व संबंधी समस्याओं के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का निराकरण पूरी पारदर्शिता और गति के साथ सुनिश्चित किया जाए।

राजस्व पखवाड़े की सफलता उस समय धरातल पर दिखी जब कलेक्टर ने त्वरित निराकृत हुए प्रकरणों के हितग्राहियों को मौके पर ही संबंधित दस्तावेज वितरित किए। ग्राम बाबूसेमरा के आवेदक पावली और सामनाथ सहित ग्राम खुटपदर के सोनाधर को उनके बहुप्रतीक्षित किसान किताब प्रदान की गई। इसी प्रकार खुटपदर के ही नीरज को उनका जन्म प्रमाण पत्र सौंपा गया जिससे ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। इस औचक निरीक्षण और संवाद के दौरान कलेक्टर के साथ सहायक कलेक्टर विनीत दुबे, जगदलपुर के अनुविभागीय दंडाधिकारी ऋषिकेश तिवारी, भू-अभिलेख अधीक्षक डॉ. मोहन भारद्वाज, तहसीलदार राहुल गुप्ता एवं नायब तहसीलदार लखीराम पांडे सहित अन्य राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने शिविर में आए अन्य आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया को गति दी।

### भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी घोषित

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सहकारिता प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर संगठनात्मक ढांचे को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। प्रदेश स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप बस्तर संभाग में यह नई टीम गठित की गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की है कि वे संगठन की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाते हुए समर्पण भाव से कार्य करेंगे।

जिला सहकारिता प्रकोष्ठ में सह संयोजक के रूप में तुलसीराम देवांगन एवं संतोष नाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मीडिया प्रभारी के रूप में धनुर्जय कश्यप, सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में चन्द्रकान्त भण्डारी तथा कार्यालय प्रभारी के रूप में उदय दुबे को नियुक्त किया गया है। कार्यसमिति में उमेश गुप्ता, कल्याण सिंह ठाकुर, राधेश्याम सेठिया, घनश्याम ठाकुर, प्रेम यादव, मुन्नी श्रीवास्तव, सुनीता यादव, महादेव बघेल, राजपाल भण्डारी, सदाराम नाग, देवदास कश्यप, रामनाथ कश्यप, सुरेन्द्र कश्यप, लिंगों राम कश्यप, कमल कश्यप और काड़ीराम नाग को शामिल किया गया है।





